News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-105
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, शनिवार 20 जुलाई 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार




**आज का विचार**

कुछ कर सकने में सफलता आती है और कुछ ना कर सकने में असफलता आती है।

# बिहार में बढ़ते अपराध पर सीएम नीतीश की बैठक

## सभी जिलों के एसपी रहेंगे मौजूद



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ** पटना, सीएम नीतीश कुमार कानून-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई हैं. यह बैठक 4 बजे शुरू होगी. इस बैठक में कैबिनेट मंत्री, राज्य पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव समेत सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे. सभी जिलों के डीएम एसएसपी, एसपी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़ेंगे.बिहार में लगातार हो रही हत्या, अपहरण, लूटपाट और अन्य आपराधिक घटनाओं के कारण विपक्ष सरकार को लगातार घेरने की कोशिश कर रहा है. लोकसभा चुनाव के बाद से हत्या और हिंसा की कई घटनाएं हो चुकी हैं. बिहार विधानमंडल का सत्र भी 22 जुलाई से शुरू हो रहा है, ऐसे में सरकार अपनी पूरी तैयारी कर लेना चाहती है. बिहार में बढ़ते अपराध की घटनाओं को लेकर सरकार की भी नींद उड़ गई है. लंबे अर्से बात मुख्यमंत्री ने लॉ एंड आर्डर पर हाई लेवल बैठक बुलाई है. सभी जिलों के डीएम एसपी से रिपोर्ट लेंगे और अधिकारियों की क्लास भी लगाएंगे. कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए सख्त निर्देश भी देंगे.

### सम्राट चौधरी जैसे 10 आदमी को डुबाने की क्षमता रखते हैं नीतीश कुमार, बोले प्रशांत किशोर

# कहा- मुरेठा खुलवाया, इज्जत गई सो अलग, अगले चुनाव में इनके नाम पर अगर NDA बिहार में चुनाव लड़ी तो भाजपा को भी डूबा देंगे



**चन्दन कुमार चौबे। सिटी चीफ** पटना, जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर मधेपुरा में प्रेस वार्ता के दौरान नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी पर हमला बोलते हुए कहा कि नीतीश कुमार की यही तारीफ है कि राजनीति के अपने अंतिम दौर में भी उन्होंने यह साबित कर दिया कि बिहार में जितने भी नेता हैं, ये उनके पीछे पलटने वाले लोग हैं। मैं तो कई महीनों से कह रहा हूं कि भाजपा को अगर दम है तो नीतीश कुमार को अपना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करें। अगर भाजपा नीतीश कुमार के चेहरे पर चुनाव लड़ भी लेती है तो उन्हें इस बार सच्चाई पता चल जाएगी। नीतीश कुमार जैसे पलट-पलट कर सब को पलटूराम बना दिया ठीक वैसे ही खुद तो डूबेंगे ही भाजपा को भी डूबा देंगे। इसके बाद सम्राट चौधरी में दम नहीं बचेगा उठाने का। अभी तक तो सम्राट चौधरी का मुरेठा ही खुला है थोड़ा धर्य रखिए सब खुल जाएगा।

नीतीश कुमार को हमसे ज्यादा बिहार में बहुत लोग नहीं जानते हैं, जाते-जाते भाजपा और सम्राट को डूबा कर जाएंगे- प्रशांत किशोर

सम्राट चौधरी, नीतीश कुमार को नहीं जानते हैं। नीतीश कुमार को हमसे ज्यादा बिहार में बहुत लोग बिहार में नहीं जानते हैं। सम्राट चौधरी जैसे 10 आदमी को नीतीश कुमार डुबाने की क्षमता रखते हैं, आप देखिएगा जाते-जाते डूबा कर जाएंगे। सम्राट चौधरी का मुरेठा खुलवाया, इज्जत नीलाम करवाई और विश्वास-प्रतिष्ठा गई सो अलग। अब सम्राट नीतीश कुमार का जूनियर बन कर झोला लेकर घूम रहे हैं। जिस नीतीश कुमार को तेजस्वी यादव ने पलटू चाचा कहा था उसी नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव से अपने लिए कसीदा कसवाया की नीतीश कुमार ही सबसे अच्छे मुख्यमंत्री हैं। वो समय 15 महीने भाजपाईयों ने नीतीश कुमार को गाली दिया अब वही भाजपा के लोग नीतीश कुमार की तारीफ किए भी थकते नहीं है। यही नीतीश कुमार की राजनीतिक ताकत है।

### मुखिया और वार्ड सदस्यों के फंड में कटौती

# अब बिना टेंडर पंचायतों में नहीं होंगे कोई भी विकास कार्य, नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पटना, बिहार की डबल इंजन सरकार ने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। पंचायत की विकाय योजनाओं में मिल रही गड़बड़ी की शिकायतों के बाद सरकार ने मुखिया और वार्ड सदस्यों के अधिकारों में कटौती कर दी है। अब बिना टेंडर पंचायतों में किसी तरह के विकास कार्य नहीं किए जाएंगे। दरअसल, बिहार में पंचायत स्तर पर कराए जाने वाले विकास कार्यों को पहले मुखिया और वार्ड सदस्य अपने स्तर से काम कराते थे। विकास कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगातार लग रहे थे। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार नीतीश सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त मुखिया और वार्ड सदस्यों के पर को कतर दिया है और उनके अधिकारों में बड़ी कटौती कर दी है। नीतीश सरकार ने अब पंचायतों में होने वाले किसी भी विकास कार्य के लिए टेंडर जरूरी कर दिया है। बिना टेंडर की प्रक्रिया पूरी किए मुखिया और वार्ड सदस्य कोई भी विकास का काम अपने स्तर से नहीं करा सकेंगे। सरकार ने मुखिया, वार्ड सदस्य के अधिकारों में कटौती कर दी है। बिहार सरकार ने पंचायत निर्माण कार्य मैनुअल बनाई है, जिसे कैबिनेट ने मंजूर कर लिया है। अब मुखिया या वार्ड सदस्य योजनाओं के कार्यान्वयन में मनमानी नहीं कर सकेंगे।

# किसी किस्म की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

### बढ़ते अपराध पर सीएम नीतीश की हाई लेवल मीटिंग, अधिकारियों को लगी कड़ी फटकार



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पटना, राज्य में लगातार हो रही आपराधिक वारदातों ने बिहार सरकार को परेशानियों में डाल दिया है. इस मुद्दे को लेकर 20 जुलाई को जहां INDI गठबंधन ने पूरे राज्य में प्रतिरोध मार्च निकालने का एलान किया है तो सीएम नीतीश कुमार ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की. समीक्षा बैठक में सीएम नीतीश कुमार गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी और डीजीपी आर एस भट्टी से अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे उपायों की विस्तार से जानकारी ली और उसके बाद कई निर्देश दिए. उन्होंने किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरतने और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए. सीएम ने विधि-व्यवस्था को सरकार की सर्वोच्च प्राथिमकता बताया और कहा कि इसको लेकर किसी किस्म की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.मुस्तैदी से काम करे पुलिस-प्रशासन: मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से साफ कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन मुस्तैदी से कार्य करें.अपराध नियंत्रण के लिए पूरी सख्ती से कार्रवाई करें. साथ ही अपराध अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं और इसे समय से पूरा करें ताकि दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके. सीएम नीतीश कुमार ने गश्ती व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया. उन्होंने रात्रि एवं पैदल गश्ती को और प्रभावी बनाने के लिए वरीय पदाधिकारियों को क्षेत्र में जाकर रात्रि में स्वयं औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए. इसके अलावा उन्होंने अवैध खनन को रोकने के लिए भी सख्ती से कार्रवाई करने की जरूरत बताई. सीएम ने कहा कि बिहार पुलिस की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न श्रेणियां में 2 लाख 29 हजार 139 पद स्वीकृत किए जा चुके हैं.जिसमें से 1 लाख 6 हजार 436 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं. उन्होंने रिक्त पदों पर जल्द बहाली करने के भी निर्देश दिए. साथ ही शराबबंदी को लेकर विशेष नजर रखने की भी हिदायत दी. इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, डीजीपी आर एस भट्टी , मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एस सिद्धार्थ, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी के साथ पुलिस मुख्यालय के सभी आलाधिकारी शामिल थे तो वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, डीएम, एसएसपी और एसपी भी जुड़े. दरअसल पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में कई आपराधिक वारदातों के बाद पूरा विपक्ष कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर हमलावर है, हालांकि सत्तापक्ष भी पलटवार कर रहा है और जंगलराज की याद दिला रहा है. वहीं इसी मसले को लेकर कल यानी 20 जुलाई को विपक्ष ने पूरे राज्य में प्रतिरोध मार्च निकालने का एलान किया है.

# BPSCशिक्षक भर्ती परीक्षा में दूसरे की जगह पहुंचा था exam देने, मुजफ्फरपुर में दबोचा गया

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पटना, बिहार सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने के बाद फिर से परीक्षा आयोजित की गयी. पेपर लीक नहीं हो इसको लेकर सरकार और बीपीएससी के द्वारा कई तरह के हथकंडे अपनाए गए. हालांकि अब तक पेपर लीक की खबर नहीं आयी है, लेकिन आज भी परीक्षार्थ के बदले दूसरा यानी सॉल्वर बैठा देने का जुर्रत शिक्षा माफिया ने नहीं छोड़ा है. मुजफ्फरपुर जिले का है. जहां मिठनपुरा स्थित नितिश्वर महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र में एक शख्स दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहा था. ऐसे में सॉल्वर गैंग के एक सदस्य को प्रशासन की टीम ने पकड़ लिया. पकड़े गए युवक की पहचान प्रभात कुमार उर्फ रविकांत के रूप में हुई है, जो मूल रूप से वैशाली जिले के पानापुर का रहने वाला है. पूरे मामले में पूछे जाने पर एसडीओ पूर्वी अमित कुमार ने कहा कि, नितिश्वर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र से शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देते प्रभात कुमार उर्फ रविकांत कुमार को प्रशासन ने गिरफ्तार किया है. जो मूल रूप से वैशाली जिले के पानापुर का रहने वाला है.

# अवैध हथियार के साथ LIC में ड्यूटी करने वाला गार्ड गिरफ्तार

### सुबह में ऑफिस और शाम में करता था हथियार की तस्करी, साथी को भी पुलिस ने दबोचा



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** जमुई, जमुई के एलआईसी ऑफिस के गार्ड और उसके सहयोगी को एक बंदूक, दो पिस्टल, 38 जिंदा कारतूस और 3 खोखा के साथ किया गिरफ्तार किया गया है। अवैध हथियार और बिना लाइसेंस के सुबह से लेकर शाम तक एलआईसी ऑफिस में गार्ड का काम करता था और शाम में अपने साथी के साथ अवैध हथियारों की तस्करी किया करता था। जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन के निर्देश पर एसडीपीओ सतीश सुमन, मलयपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार, टाउन थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सहित DIU की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को धड़ दबोचा। जमुई के बाइपास स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा में खगड़िया जिले के बख्तियारपुर का रहने वाला प्रियांशु कुमार अवैध हथियार के साथ गार्ड की ड्यूटी कर रहा था। बताया जाता है कि उसने नौकरी लेने से पहले कार्यालय में फर्जी दस्तावेज दिखाया था। इसी के आधार पर उसने गार्ड की नौकरी हासिल की। जिसके बाद करीब 3 साल तक यहां पर काम भी किया। इसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हथियार व जिंदा कारतूस के साथ अरेस्ट किया है। उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से दो पिस्टल ,एक दो नाली शॉट बंदूक, 38 जिंदा कारतूस, तीन खोखा बरामद किया गया है। पूरे मामले को लेकर शुक्रवार की दोपहर टाउन थाना परिषद में डीएसपी सतीश सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जानकारी दी। खगड़िया जिले के बख्तियारपुर थाना मानसी निवासी राणा रणधीर सिंह का 31 वर्षीय बेटा प्रियांशु कुमार अवैध हथियार के साथ कई सालों से जमुई बायपास रोड स्थित एलआईसी कार्यालय में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था। साथ ही बताया कि ऑफिस का टाइम खत्म होने के बाद वह जमुई टाउन थाना क्षेत्र के बिहारी मोहल्ला निवासी नीरज कुमार उर्फ अनंत कुमार के साथ मिलकर शहर के जेनेक्स ब्रिज होटल से सटे पप्पू सिंह के यहां किराए के मकान में रहकर अवैध रूप से हथियार बेचता था। इसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो पिस्टल, एक दो नाली के शॉर्ट बंदूक , 38 जिंदा कारतूस ,व तीन खोखे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार प्रियांशु से जब पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि उसके बंदूक का लाइसेंस है। उसे हथियार के दस्तावेज की मांग की गई तो 24 घंटा बीत जाने के बावजूद उसने हथियार का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। दोनों गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस दोनों गिरफ्तार हथियार तस्करों का आपराधिक इतिहास खंगालने के लिए खगड़िया पुलिस से भी संपर्क कर रही है।

# पटना में बेख़ौफ़ बदमाशों ने सरेशाम लोहा व्यवसायी की गोली मारकर की हत्या, इलाके में मचा हड़कंप



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पटना, एक तरफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहाँ राज्य में क्राइम कंट्रोल को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। वहीँ पटना से सटे मसौढ़ी में उस्मान चक मोड़ के पास अपराधियों ने एक लोहा व्यवसाय से जुड़े शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी दो बाइक पर सवार थे। हत्या की वजह क्या है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आशंका जताई जा रही है की कोई पुरानी रंजिश या फिर लूट की वारदात के बाद हत्या को अंजाम दिया गया है। घटना शुक्रवार देर शाम की है। मृतक अभय सिंह का अपना लोहे का कारोबार था, जो मस्जिद और कुमरतोली जाने वाले रास्ते में था। देर शाम वह अपना दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। अभी वह उस्मान चक मोड़ के पास ही पहुंचे थे। तभी बाइक सवार चार लोगों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और फरार हो गए।

# लग्जरी कार से प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद

### पुलिस को देखते ही ड्राइवर और मालिक फरार

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** सहरसा, लग्जरी कार में छिपाकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप ले जाया जा रहा था। तभी गश्ती के दौरान सहरसा के सदर थाने की पुलिस ने बेलहा टोला के पास कार रोके जाने का इशारा किया तब कार सवार दो लोग पुलिस को देखते ही कार से उतर कर भाग खड़े हुए। दोनों का पुलिस ने पीछा भी किया लेकिन अंधेरा का फायदा उठाकर दोनों नौ दो ग्यारह हो गया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तब उसमें से भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद हुआ। इसकी गिनती की गयी तब 320 बोतल कोरेक्स कफ सिरप जिसके बाद कार संख्या बीआर 19 टी 0390 की जांच की गई। जिसमें छिपाकर रखे गए 320 पीस प्रतिबंधित कोरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने कार को जब्त कर थाने लेकर पहुंची। सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान कार सवार पुलिस को देखकर भाग निकला जबकि कार को जब्त किया गया है। कार से भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद किया गया है। कफ सिरप को कार में छिपाकर तस्करी के उद्धेश्य से ले जाया जा रहा था। गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर इसके मालिक और ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।